Gram : UNIVERSITY
E-mail: csjmu@kanpuruniversity.org

: 91- 512-2580044
: 91- 512-2580044

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
## CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
**(Formerly Kanpur University, Kanpur)**
KALYANPUR, KANPUR-208024
कल्यानपुर, कानपुर-208024

Ref. No. CSJMU/ C.O.E./ 758 /2023 Dated : 26-05-2023

## कार्यालय–आदेश

एतद्द्वारा आदेशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में संचालित स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों की सत्र 2022–23 की संस्थागत, बैकपेपर एवं भूतपूर्व छात्र/छात्राओं की दिनांक 25 अप्रैल, 2023 से घोषित कार्यक्रमानुसार सम्पादित होनी वाली परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन दिनांक 30.05.2023 से निम्न केन्द्रों पर कराया जाना है –

| क.सं. | डिजिटल मूल्यांकन केन्द्र | जनपद |
|---|---|---|
| 01. | एस.एन. सेन बालिका विद्यालय पी.जी. कॉलेज, कानपुर नगर | कानपुर नगर |
| 02. | महिला महाविद्यालय, किदवई नगर, कानपुर नगर | कानपुर नगर |
| 03. | पी.एस.आई.टी., भौंती, कानपुर नगर | कानपुर नगर |
| 04. | एक्सिस इंस्टीट्यूट ऑफ हॉयर एजूकेशन, रूमा, कानपुर नगर | कानपुर नगर |
| 05. | कानपुर विद्या मन्दिर पी.जी. कॉलेज, कानपुर नगर | कानपुर नगर |
| 06. | जागरण कॉलेज ऑफ आर्ट, कामर्स एण्ड साइंस, कानपुर नगर | कानपुर नगर |
| 07. | मूल्यांकन केन्द्र भवन, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय कैम्पस, कानपुर नगर | कानपुर नगर |
| 08. | कम्प्यूटर केन्द्र, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय कैम्पस, कानपुर नगर | कानपुर नगर |
| 09. | अकबरपुर डिग्री कॉलेज, अकबरपुर, कानपुर देहात | कानपुर देहात |
| 10. | तिलक महाविद्यालय, औरैया | औरैया |
| 11. | जनता महाविद्यालय, अजीतमल, औरैया | औरैया |
| 12. | के0के0 पी0जी0 कॉलेज, इटावा | इटावा |
| 13. | जनता कालेज, बकेवर, इटावा | इटावा |
| 14. | डी0एन0 पी0जी0 कॉलेज, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद | फर्रुखाबाद |
| 15. | पी0एस0एम0 कॉलेज, कन्नौज | कन्नौज |
| 16. | फिरोज गॉधी डिग्री कॉलेज, रायबरेली | रायबरेली |
| 17. | बैसवारा डिग्री कालेज, लालगंज, रायबरेली | रायबरेली |
| 18. | सेकेड हार्ट डिग्री कॉलेज, नैपालपुर, सीतापुर | सीतापुर |
| 19. | कॉलेज ऑफ मैनेज़मेन्ट स्टडीज़, उन्नाव | उन्नाव |

प्रत्येक डिजिटल मूल्यांकन केन्द्र पर अधिकृत एजेंसी द्वारा यथानुसार कम्प्यूटर/लैपटॉप एवं इण्टरनेट की व्यवस्था उपलब्ध करा दी गयी है/करायी जा रही है । विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बाधित होने पर यदि जनरेटर चलाये जाने की आवश्यकता होगी तो डीजल इत्यादि का व्ययभार वहन विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार किया जायेगा। तकनीकी सहायता एवं उक्त सुविधा प्रदान किये जाने हेतु अधिकृत एजेंसी के तकनीकी सहायक मूल्यांकन केन्द्र पर उपलब्ध रहेंगे ।

उपरोक्त निर्धारित डिजिटल मूल्यांकन केन्द्र के प्रभारी आदेशानुसार सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य होंगे, जो सम्बन्धित जनपद के शिक्षकों के माध्यम से अपने पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में डिजिटल मूल्यांकन कार्य सम्पन्न करायेंगे। सभी नियमित एवं अनुमोदित शिक्षकों का पंजीकरण डिजिटल मूल्यांकन पोर्टल पर किया गया है। यदि किसी नियमित या अनुमोदित शिक्षक का किसी कारणवश पंजीकरण नहीं हुआ है, तो मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी द्वारा पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकता है। मूल्यांकन हेतु आये शिक्षकों की उपस्थिति बॉयोमैट्रिक मशीन द्वारा ली जायेगी।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित एवं अनुदानित शिक्षकों के डिजिटल मूल्यांकन प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गत सत्र में विभिन्न जनपदों में प्रशिक्षण कैम्प आयोजित किये गये थे । डिज़िटल मूल्यांकन की प्रक्रिया का सम्बन्धित ट्रेनिंग मैटेरियल/वीडियो (http://csjmu.intelliexams.com/csjmuexams/LoginScreens/LoginPage.aspx, User ID : Faael21, Password : 654321)/पी.डी.एफ./डॉक्यूमेन्ट प्रैक्टिस हेतु लिंक के माध्यम से किया जा सकता है।

डिजिटल मूल्यांकन में भाग लेने वाले शिक्षकों के पारिश्रमिक एवं टी.ए./डी.ए. इत्यादि का भुगतान उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुसार नियमानुसार किया जायेगा ।

क्रमशः.........2

Gram : UNIVERSITY
E-mail: csjmu@kanpuruniversity.org

: 91- 512-2580044
: 91- 512-2580044

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
## CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
**(Formerly Kanpur University, Kanpur)**
KALYANPUR, KANPUR-208024
कल्याणपुर, कानपुर-208024



**स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं के बी.कॉम./एम.कॉम., समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, सैन्य अध्ययन एवं रसायन शास्त्र विषयों का डिजिटल मूल्यांकन का कार्य दिनांक 30.05.2023 को प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। तदोपरान्त प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक डिजिटल मूल्यांकन का कार्य सम्पन्न कराया जायेगा तथा मूल्यांकन केन्द्र सप्ताह के सभी दिवसों में खुले रहेंगे । सभी मूल्यांकन केन्द्रों में धूम्रपान पूर्णतया निषेध रहेगा ।**

मूल्यांकन कार्य हेतु शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों के रजिस्टर्ड मोबाइल पर एस.एम.एस. के माध्यम से समय एवं मूल्यांकन केन्द्र की सूचना भेजी जाएगी । एस.एम.एस./सूचना इत्यादि भेजने की यह व्यवस्था भविष्य में डिजिटल मूल्यांकन केन्द्रों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर परिवर्तन शील होगी, जिसकी सूचना समय–समय पर सिस्टम मैनेजर/समन्वयक डिजिटल मूल्यांकन द्वारा केन्द्राध्यक्ष को कालेज लॉगिन के माध्यम से एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी । डिजिटल मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी अपने जनपद के नियमित एवं अनुमोदित शिक्षकों को उक्त व्यवस्था से अवगत करायें एवं इसका प्रचार–प्रसार कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करें, जिससे कि डिजिटल मूल्यांकन व्यवस्था का सफल संचालन किया जा सके।

**(प्रो0 सुधांशु पाण्डिया)**
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि** : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या/नोडल अधिकारी/केन्द्राध्यक्ष, सम्बन्धित समस्त नोडल केन्द्र/परीक्षा केन्द्र।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल/लखनऊ मण्डल।
3. प्रभारी, पी0एम0यू0 सेल एवं सिस्टम मैनेज़र/समन्वयक, डिजिटल मूल्यांकन–2023 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय–ज्ञाप के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
4. मीडिया प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी/मा0 प्रति–कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
7. सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक